CDS Exam (I),2020

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : PLKI–S–GNL** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

1206193

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

**A**

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. किसी पतली स्वर्ण पर्णिका (पन्नी) से $\alpha$-कणों का प्रकीर्णन किसकी उपस्थिति का संकेत करता है?

(a) किसी परमाणु के अंदर इलेक्ट्रॉन

(b) किसी परमाणु के अंदर प्रोटॉन

(c) किसी परमाणु के केन्द्र में धनावेशित नाभिक

(d) स्वर्ण के समस्थानिक

2. तत्त्वों का कौन-सा युग्म समभारिक परमाणु वाला है?

(a) ${}^{1}_{1}H$ और ${}^{3}_{1}H$

(b) ${}^{1}_{1}H$ और ${}^{2}_{1}H$

(c) ${}^{12}_{6}C$ और ${}^{14}_{6}C$

(d) ${}^{40}_{18}Ar$ और ${}^{40}_{20}Ca$

3. निम्नलिखित में से कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया संभव नहीं है?

(a) $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

(b) $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$

(c) $Cu + PbCl_2 \rightarrow CuCl_2 + Pb$

(d) $Mg + CuSO_4 \rightarrow MgSO_4 + Cu$

4. शून्य के बराबर pH वाला विलयन होता है

(a) अत्यधिक क्षारीय विलयन

(b) अत्यधिक अम्लीय विलयन

(c) दुर्बल अम्लीय विलयन

(d) उदासीन विलयन

5. मानव आमाशय में, निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल उत्पन्न होता है?

(a) फार्मिक अम्ल

(b) सल्फ्यूरिक अम्ल

(c) नाइट्रिक अम्ल

(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

6. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (यौगिक) | सूची-II (उपयोग) |
|---|---|
| A. बोरिक अम्ल | 1. पूतिरोधी (ऐंटिसेप्टिक) |
| B. सिट्रिक अम्ल | 2. खाद्य परिरक्षक (फूड प्रिज़र्वेटिव) |
| C. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड | 3. प्रति-अम्ल (ऐन्टासिड) |
| D. ऐसीटिक अम्ल | 4. अचार (पिकल) |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

7. ध्वनि तरंगों का वह गुण, जिससे ध्वनि का तारत्व (पिच) निर्धारित होता है, वह है ध्वनि का/की

(a) आवृत्ति

(b) आयाम

(c) तरंगदैर्घ्य

(d) तीव्रता

**1.** Scattering of $\alpha$-particles by a thin gold foil suggests the presence of

*(a)* electron in an atom

*(b)* proton in an atom

*(c)* positively charged nucleus at the centre of an atom

*(d)* isotopes of gold

**2.** The elements of which of the following pairs are isobars?

*(a)* ${}_{1}^{1}H$ and ${}_{1}^{3}H$

*(b)* ${}_{1}^{1}H$ and ${}_{1}^{2}H$

*(c)* ${}_{6}^{12}C$ and ${}_{6}^{14}C$

*(d)* ${}_{18}^{40}Ar$ and ${}_{20}^{40}Ca$

**3.** Which one of the following chemical reactions is ***not*** feasible?

*(a)* $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

*(b)* $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$

*(c)* $Cu + PbCl_2 \rightarrow CuCl_2 + Pb$

*(d)* $Mg + CuSO_4 \rightarrow MgSO_4 + Cu$

**4.** A solution having pH equal to zero is known as

*(a)* highly alkaline solution

*(b)* highly acidic solution

*(c)* weakly acidic solution

*(d)* neutral solution

**5.** Which one of the following acids is produced in human stomach?

*(a)* Formic acid

*(b)* Sulphuric acid

*(c)* Nitric acid

*(d)* Hydrochloric acid

**6.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Compound)* | *List–II (Use)* |
|---|---|
| A. Boric acid | 1. Antiseptic |
| B. Citric acid | 2. Food preservative |
| C. Magnesium hydroxide | 3. Antacid |
| D. Acetic acid | 4. Pickle |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(d)* | 4 | 2 | 3 | 1 |

**7.** The property of the sound waves that determines the pitch of the sound is its

*(a)* frequency

*(b)* amplitude

*(c)* wavelength

*(d)* intensity

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक गुण X-किरणों का **नहीं** है?

*(a)* ये विद्युत् क्षेत्रों से विक्षेपित हो जाती हैं।

*(b)* ये चुम्बकीय क्षेत्रों से विक्षेपित नहीं होती हैं।

*(c)* द्रव्य (पदार्थ) में इनकी वेधन लम्बाई अधिक (उच्च) होती है।

*(d)* दृश्य प्रकाश की तुलना में इनका तरंगदैर्घ्य बहुत कम (छोटा) होता है।

**9.** एक समतल दर्पण द्वारा बनाए गए प्रतिबिम्ब के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* इसका आकार वही होता है जो प्रयोग-वस्तु का होता है।

*(b)* यह पार्श्वीय रूप से व्युत्क्रमित (प्रतिलोमित/उलटा) होता है।

*(c)* यह वास्तविक प्रतिबिम्ब होता है।

*(d)* यह दर्पण के पीछे की ओर उतनी ही दूरी पर बनता है जितनी दूर वस्तु दर्पण के सामने होती है।

**10.** किसी परिदर्शी (पेरिस्कोप) में दो समतल दर्पण रखे जाते हैं

*(a)* एक-दूसरे के समानांतर

*(b)* एक-दूसरे के लम्बवत्

*(c)* एक-दूसरे के साथ 60° का कोण बनाते हुए

*(d)* एक-दूसरे के साथ 45° का कोण बनाते हुए

**11.** यदि वायु में प्रकाश की गति (चाल) $3 \times 10^8$ m/s है, तो एक ऐसा माध्यम जिसका अपवर्तनांक $\frac{3}{2}$ है, में प्रकाश की गति क्या होगी?

*(a)* $2 \times 10^8$ m/s

*(b)* $\frac{9}{4} \times 10^8$ m/s

*(c)* $\frac{3}{2} \times 10^8$ m/s

*(d)* $3 \times 10^8$ m/s

**12.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के विकिरण का तरंगदैर्घ्य न्यूनतम होता है?

*(a)* रेडियो तरंग

*(b)* दृश्य प्रकाश

*(c)* अवरक्त/इंफ्रारेड (आइ० आर०)

*(d)* पराबैंगनी/अल्ट्रावायलेट (यू० वी०)

**13.** किसी कमानी (स्प्रिंग) के बल स्थिरांक $k$ की इकाई है

*(a)* N-m　　*(b)* N/m

*(c)* N-m$^2$　　*(d)* N/m$^2$

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक महामारी (संक्रामक रोग) **नहीं** है?

*(a)* हैजा (कॉलरा)

*(b)* मलेरिया

*(c)* चेचक

*(d)* हाथीपाँव (श्लीपद)

**15.** निम्नलिखित में से किस प्राणी (जीव) का हृदय त्रिकोष्ठीय (थ्री-चैम्बर्ड हर्ट) होता है?

*(a)* स्कोलिओडॉन

*(b)* सैलामैन्डर (सरट)

*(c)* कबूतर

*(d)* मानव (ह्यूमन बीइंग)

**16.** पादपों में लैंगिक जनन के दौरान घटनाओं का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा होता है?

*(a)* पौध (नवोद्भिद्), भ्रूण का बनना, परागण, निषेचन (उर्वरण), युग्मनज का विभाजन

*(b)* भ्रूण का बनना, पौध, परागण, निषेचन, युग्मनज का विभाजन

*(c)* परागण, निषेचन, युग्मनज का विभाजन, भ्रूण का बनना, पौध

*(d)* पौध, भ्रूण का बनना, युग्मनज का विभाजन, परागण, निषेचन

**8.** Which one of the following is ***not*** a property of the X-rays?

*(a)* They are deflected by electric fields.

*(b)* They are not deflected by magnetic fields.

*(c)* They have high penetration length in matter.

*(d)* Their wavelength is much smaller than that of visible light.

**9.** Which one of the following is ***not*** true about the image formed by a plane mirror?

*(a)* It is of the same size as the subject.

*(b)* It is laterally inverted.

*(c)* It is real image.

*(d)* It is formed as far behind the mirror as the object is in front.

**10.** In a periscope, the two plane mirrors are kept

*(a)* parallel to each other

*(b)* perpendicular to each other

*(c)* at an angle of 60° with each other

*(d)* at an angle of 45° with each other

**11.** If the speed of light in air is $3 \times 10^8$ m/s, then the speed of light in a medium of refractive index $\frac{3}{2}$ is

*(a)* $2 \times 10^8$ m/s

*(b)* $\frac{9}{4} \times 10^8$ m/s

*(c)* $\frac{3}{2} \times 10^8$ m/s

*(d)* $3 \times 10^8$ m/s

**12.** Which one of the following types of radiation has the shortest wavelength?

*(a)* Radio waves

*(b)* Visible light

*(c)* Infrared (IR)

*(d)* Ultraviolet (UV)

**13.** The unit of the force constant $k$ of a spring is

*(a)* N-m *(b)* N/m

*(c)* N-m$^2$ *(d)* N/m$^2$

**14.** Which one of the following is ***not*** an epidemic disease?

*(a)* Cholera

*(b)* Malaria

*(c)* Smallpox

*(d)* Elephantiasis

**15.** Which one of the following animals has a three-chambered heart?

*(a)* Scoliodon

*(b)* Salamander

*(c)* Pigeon

*(d)* Human being

**16.** Which one of the following is the correct sequence of events during sexual reproduction in plants?

*(a)* Seedling, formation of embryo, pollination, fertilization, division of zygote

*(b)* Formation of embryo, seedling, pollination, fertilization, division of zygote

*(c)* Pollination, fertilization, division of zygote, formation of embryo, seedling

*(d)* Seedling, formation of embryo, division of zygote, pollination, fertilization

**17.** जब एक परखनली, जिसमें चूने का पानी हो, में मुँह से फूँक मारी जाती है (मुँह से हवा बहाना), तब चूने का पानी दुधिया (मिल्की) हो जाता है। ऐसा किसकी उपस्थिति के कारण होता है?

(a) जलवाष्प

(b) ऑक्सीजन

(c) कार्बन डाइऑक्साइड

(d) कार्बन मोनॉक्साइड

**18.** कोशिकीय प्रक्रियाओं के लिए 'ऊर्जा मुद्रा (एनर्जी करेंसी)' निम्नलिखित में से किसे कहते हैं?

(a) ग्लूकोज़

(b) ए० टी० पी०

(c) ए० डी० पी०

(d) पाइरुविक अम्ल

**19.** पाचन-क्षेत्र में भोजन के साथ मिलने वाला पहला एन्ज़ाइम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) ट्रिप्सिन

(b) सेलुलोस

(c) पेप्सिन

(d) एमिलेस

**20.** महात्मा गाँधी का दांडी मार्च, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख घटना है, किसके साथ जुड़ी हुई है?

(a) लौह (लोहा)

(b) सोडियम क्लोराइड

(c) सल्फर

(d) ऐल्युमिनियम

**21.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (नाम) | सूची-II (सूत्र) |
|---|---|
| A. विरंजक चूर्ण (ब्लीचिंग पाउडर) | 1. $NaHCO_3$ |
| B. खाने का सोडा (बेकिंग सोडा) | 2. $Na_2CO_3 \cdot 10\,H_2O$ |
| C. धोने का सोडा (वाशिंग सोडा) | 3. $Ca(OH)_2$ |
| D. बुझा हुआ चूना (स्लैक्ड लाइम) | 4. $CaOCl_2$ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**22.** क्रिस्टल बनाने के लिए कॉपर सल्फेट के एक अणु के साथ जुड़े हुए जल के अणुओं की संख्या कितनी होती है?

(a) 2

(b) 4

(c) 5

(d) 6

**17.** When air is blown from mouth into a test tube containing limewater, the limewater turns milky. This is due to the presence of

*(a)* water vapour

*(b)* oxygen

*(c)* carbon dioxide

*(d)* carbon monoxide

**18.** Which one of the following is the 'energy currency' for cellular processes?

*(a)* Glucose

*(b)* ATP

*(c)* ADP

*(d)* Pyruvic acid

**19.** Which one of the following is the first enzyme to mix with food in the digestive tract?

*(a)* Trypsin

*(b)* Cellulose

*(c)* Pepsin

*(d)* Amylase

**20.** Mahatma Gandhi's Dandi March, a great event in Indian freedom struggle, was associated with

*(a)* iron

*(b)* sodium chloride

*(c)* sulphur

*(d)* aluminium

**21.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Name)* | *List–II* *(Formula)* |
|---|---|
| A. Bleaching powder | 1. $NaHCO_3$ |
| B. Baking soda | 2. $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$ |
| C. Washing soda | 3. $Ca(OH)_2$ |
| D. Slaked lime | 4. $CaOCl_2$ |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 1 | 2 | 3 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 3 | 1 | 2 | 4 |

**22.** The number of water molecules associated with copper sulphate molecule to form crystals is

*(a)* 2

*(b)* 4

*(c)* 5

*(d)* 6

**23.** चाँदी की वस्तुएँ हवा में खुली रखने पर कुछ समय बाद काली होने लगती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि

*(a)* चाँदी का ऑक्सीकरण होता है और सिल्वर ऑक्साइड बन जाता है

*(b)* हवा में नमीयुक्त कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करके चाँदी, सिल्वर कार्बोनेट बनाती है

*(c)* हवा में सल्फर के साथ अभिक्रिया करके चाँदी, सिल्वर सल्फाइड की एक परत (कोटिंग) बनाती है

*(d)* हवा में नाइट्रोजन ऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करके चाँदी, सिल्वर नाइट्रेट बनाती है

**24.** यदि एक प्रणाली (निकाय/सिस्टम) का तापमान केल्विन में $x$ है तथा °C में $y$ है, तो उनके बीच सही संबंध है

*(a)* $x = 273 - y$

*(b)* $x = 273 + y$

*(c)* $x = 173 + y$

*(d)* $x = 173 - y$

**25.** किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता $\rho$ किस इकाई (यूनिट) में अभिव्यक्त की जा सकती है?

*(a)* ohm

*(b)* ohm/cm

*(c)* ohm-cm

*(d)* ohm-$cm^2$

**26.** विद्युत्-चुम्बकीय तरंगें, जो उपग्रह संचार (सैटेलाइट कम्यूनिकेशन) के लिए प्रयुक्त की जाती हैं, हैं

*(a)* अवरक्त विकिरण

*(b)* पराबैंगनी विकिरण

*(c)* रेडियो तरंगें

*(d)* दृश्य प्रकाश

**27.** मानव शरीर में मूत्र बहाव के रास्ते में आने वाले (होने वाले) अंगों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

*(a)* वृक्क (गुर्दा), मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, मूत्रमार्ग

*(b)* वृक्क, मूत्राशय, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग

*(c)* वृक्क, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग, मूत्राशय

*(d)* मूत्राशय, वृक्क, मूत्रमार्ग, मूत्रवाहिनी

**28.** मनुष्यों में निम्नलिखित में से कौन-सी अंतःस्रावी (एंडोक्राइन) ग्रंथि, युग्म (जोड़े) के रूप में **नहीं** पायी जाती है?

*(a)* अधिवृक्क (एड्रिनल)

*(b)* पीयूष (पिट्यूटरी)

*(c)* वृषण (टेस्टिस)

*(d)* अंडाशय (ओवरी)

**29.** निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक में डी० एन० ए० होता है?

*(a)* गॉल्जी उपकरण (गॉल्जी ऐपरेटस)

*(b)* माइटोकॉन्ड्रियन

*(c)* लाइसोसोम

*(d)* अंतर्द्रव्यी जालिका (एंडोप्लास्मिक रेटिक्यूलम)

**30.** इनमें से किस वैज्ञानिक ने चिकित्सा की दुनिया में प्रतिरक्षण (इम्यूनाइजेशन) की संकल्पना प्रस्तुत की?

*(a)* एडवर्ड जेनर

*(b)* रॉबर्ट कोच

*(c)* रॉबर्ट हुक

*(d)* कार्ल लीनियस

**23.** Silver articles become black after some time when exposed to air because

(a) silver gets oxidized to silver oxide

(b) silver reacts with moist carbon dioxide in the air to form silver carbonate

(c) silver reacts with sulphur in the air to form a coating of silver sulphide

(d) silver reacts with nitrogen oxides in the air to form silver nitrate

**24.** If $x$ is the temperature of a system in Kelvin and $y$ is the temperature of the system in °C, then the correct relation between them is

(a) $x = 273 - y$

(b) $x = 273 + y$

(c) $x = 173 + y$

(d) $x = 173 - y$

**25.** The resistivity ρ of a material may be expressed in units of

(a) ohm

(b) ohm/cm

(c) ohm-cm

(d) ohm-cm$^2$

**26.** The electromagnetic waves, which are used for satellite communication, are

(a) infrared radiations

(b) ultraviolet radiations

(c) radio waves

(d) visible lights

**27.** Which one of the following is the correct sequence of organs that occur in the path of urine flow in human body?

(a) Kidney, ureter, urinary bladder, urethra

(b) Kidney, urinary bladder, ureter, urethra

(c) Kidney, ureter, urethra, urinary bladder

(d) Urinary bladder, kidney, urethra, ureter

**28.** Which of the following endocrine glands is ***not*** found in pair in humans?

(a) Adrenal

(b) Pituitary

(c) Testis

(d) Ovary

**29.** Which one of the following cell organelles contains DNA?

(a) Golgi apparatus

(b) Mitochondrion

(c) Lysosome

(d) Endoplasmic reticulum

**30.** Who among the following scientists introduced the concept of immunization to the medical world?

(a) Edward Jenner

(b) Robert Koch

(c) Robert Hooke

(d) Carl Linnaeus

**31.** निम्नलिखित में से किस कांग्रेस अधिवेशन में 31 दिसम्बर, 1929 के दिन पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई थी?

(a) अहमदाबाद

(b) कलकत्ता

(c) लाहौर

(d) लखनऊ

**32.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत विधानमंडलों में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं, जो विभिन्न समुदायों के लिए सीटों के आबंटन के अनुरूप थीं?

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858

(b) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

**33.** वर्ष 1931 में बॉम्बे में हुए अखिल भारतीय दलित वर्ग नेतृत्व सम्मेलन (ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस लीडर्स कांफरेंस) द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी माँग रखी गई थी?

(a) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

(b) अछूतों के लिए अलग निर्वाचन-क्षेत्र

(c) अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट

(d) भारत में एक ऐकिक (एकात्मक) राज्य

**34.** इनमें से कौन इंडियन सोसाइटी ऑफ़ ओरिएंटल आर्ट के संस्थापकों में से एक हैं?

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(b) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

(c) द्वारकानाथ टैगोर

(d) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

**35.** इनमें से किस सुल्तान ने तुर्कान-ए-चिहलगानी की सत्ता (हुकूमत) को तोड़ने और विनाश करने में पूर्ण रूप से सफलता हासिल की?

(a) इल्तुतमिश

(b) बलबन

(c) अलाउद्दीन खिलजी

(d) मुहम्मद बिन तुगलक

**36.** इनमें से किस मंगोल नेता/कमांडर ने भारत पर आक्रमण करने के लिए सिन्धु नदी पार **नहीं** की?

(a) चंगेज़ खान

(b) तैर बहादुर

(c) अब्दुल्ला

(d) कुतलुग ख्वाजा

**31.** On 31st December, 1929, in which one of the following Congress Sessions was proclamation of Purna Swaraj made?

(a) Ahmedabad

(b) Calcutta

(c) Lahore

(d) Lucknow

**32.** Which one of the following Acts reserved seats for women in Legislatures in accordance with the allocation of seats for different communities?

(a) The Government of India Act, 1858

(b) The Indian Councils Act, 1909

(c) The Government of India Act, 1919

(d) The Government of India Act, 1935

**33.** Which one among the following was demanded by the All India Depressed Classes Leaders' Conference at Bombay in 1931?

(a) Universal adult suffrage

(b) Separate electorates for untouchables

(c) Reserved seats for the minorities

(d) A unitary State in India

**34.** Who among the following was one of the founders of the Indian Society of Oriental Art?

(a) Rabindranath Tagore

(b) Abanindranath Tagore

(c) Dwarakanath Tagore

(d) Bankim Chandra Chattopadhyaya

**35.** Who among the following Sultans succeeded in finally breaking and destroying the power of Turkan-i-Chihalgani?

(a) Iltutmish

(b) Balban

(c) Alauddin Khalji

(d) Muhammad bin Tughluq

**36.** Who among the following Mongol leaders/commanders ***did not*** cross Indus to attack India?

(a) Chenghiz Khan

(b) Tair Bahadur

(c) Abdullah

(d) Qutlugh Khwaja

**37.** एड्रियाटिक समुद्र के पूर्वी तट के क्षेत्र में पर्वत से नीचे आने वाली ठंडी और शुष्क वायु को क्या कहा जाता है?

(*a*) मिस्ट्रल

(*b*) बोरा

(*c*) शीतल पवन (बीज़)

(*d*) हिम झंझावात (ब्लीजर्ड)

**38.** निशि जनजाति मुख्यतः कहाँ पाई जाती है?

(*a*) अंडमान और निकोबार

(*b*) अरुणाचल प्रदेश

(*c*) नीलगिरि–केरल

(*d*) कश्मीर घाटी

**39.** पर्यटन के क्षेत्र में, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य को 'एक राज्य अनेक संसार (वन स्टेट मैनी वर्ल्ड्स)' कहा जाता है?

(*a*) असम

(*b*) पश्चिम बंगाल

(*c*) कर्नाटक

(*d*) राजस्थान

**40.** कृषियोग्य भूमि के प्रति इकाई क्षेत्र में लोगों की संख्या को क्या कहा जाता है?

(*a*) कृषि घनत्व

(*b*) अंकगणितीय घनत्व

(*c*) शरीरक्रियात्मक (फिजियोलॉजिकल) घनत्व

(*d*) आर्थिक घनत्व

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी सीधे आकर गंगा में मिलती है?

(*a*) चंबल

(*b*) सोन

(*c*) बेतवा

(*d*) केन

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वाणिज्य कृषि का प्रकार **नहीं** है?

(*a*) डेयरी कृषि

(*b*) अनाज खेती (ग्रेन फार्मिंग)

(*c*) पशुधन रैंचन (पशुपालन)

(*d*) गहन निर्वाह कृषि

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक भूमि-उपयोग वर्ग **नहीं** है?

(*a*) वन भूमि

(*b*) चरागाह भूमि

(*c*) उपांत भूमि (सीमांत भूमि)

(*d*) ऊसर (बंजर) और व्यर्थ भूमि

**44.** मनरेगा (MGNREGA) का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा एक **नहीं** है?

(*a*) एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों तक का कुशल श्रम प्रदान करना

(*b*) उत्पादक परिसंपत्तियों का सृजन (निर्माण)

(*c*) जीविका निश्चितता को बढ़ाना

(*d*) महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना

**37.** In the region of eastern shore of Adriatic Sea, a cold and dry wind blowing down from the mountain is known as

*(a)* Mistral

*(b)* Bora

*(c)* Bise

*(d)* Blizzard

**38.** Nyishi tribe is found mainly in

*(a)* Andaman and Nicobar

*(b)* Arunachal Pradesh

*(c)* Nilgiri–Kerala

*(d)* Kashmir Valley

**39.** In the field of tourism, which one of the following Indian States is described as 'One State Many Worlds'?

*(a)* Assam

*(b)* West Bengal

*(c)* Karnataka

*(d)* Rajasthan

**40.** The number of people per unit area of arable land is termed as

*(a)* agricultural density

*(b)* arithmetic density

*(c)* physiological density

*(d)* economic density

**41.** Which one of the following rivers joins Ganga directly?

*(a)* Chambal

*(b)* Son

*(c)* Betwa

*(d)* Ken

**42.** Which one of the following is ***not*** a type of commercial agriculture?

*(a)* Dairy farming

*(b)* Grain farming

*(c)* Livestock ranching

*(d)* Intensive subsistence agriculture

**43.** Which one of the following is ***not*** a land use category?

*(a)* Forestland

*(b)* Pasture land

*(c)* Marginal land

*(d)* Barren and wasteland

**44.** Which one of the following is ***not*** an objective of the MGNREGA?

*(a)* Providing up to 100 days of skilled labour in a financial year

*(b)* Creation of productive assets

*(c)* Enhancing livelihood security

*(d)* Ensuring empowerment to women

**45.** पंचायतों की कार्यप्रणाली के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* पंचायतें करों, शुल्कों, मार्गकरों इत्यादि की उगाही, संग्रह और प्रयोग (विनियोग) कर सकती हैं।

*(b)* एक व्यक्ति जो 25 वर्ष का हो गया है, वह पंचायत का सदस्य बनने के लिए पात्र होगा।

*(c)* प्रत्येक पंचायत अपनी पहली बैठक (सभा) की तिथि से सामान्यतया पाँच वर्षों तक जारी रह सकती है।

*(d)* एक पंचायत जो असामयिक विघटन के बाद पुनर्गठित की जाती है, वह पूर्ण अवधि के केवल शेष काल तक जारी रह सकती है।

**46.** भारत सरकार द्वारा सबसे आरंभ में चलाई गई योजना निम्नलिखित में से कौन-सी है?

*(a)* दीनदयाल अंत्योदय योजना

*(b)* प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

*(c)* सांसद आदर्श ग्राम योजना

*(d)* दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

**47.** संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इस योजना के तहत कार्यों को संसद सदस्य मंजूर, कार्यान्वित और पूर्ण करते हैं।

*(b)* संसद के मनोनीत सदस्य देश में कहीं भी कार्यान्वित किए जाने के लिए कार्यों की संस्तुति कर सकते हैं।

*(c)* यह योजना भारत सरकार द्वारा पूर्णतया निधिबद्ध है।

*(d)* प्रति संसद सदस्य वार्षिक हक़दारी ₹ 5 करोड़ है।

**48.** सौभाग्य, जो भारत सरकार की एक योजना है, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?

*(a)* संपूर्ण परिवार (घरेलू) विद्युतीकरण प्राप्त करना

*(b)* गरीब परिवारों को भोजन पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन प्रदान करना

*(c)* एल० पी० जी० पर सहायिकी (सब्सिडी) का सुव्यवस्थीकरण

*(d)* मादा भ्रूणहत्या को रोकना

**49.** 'बेसल समागम (कन्वेंशन)' का उद्देश्य निम्नलिखित में से किसके प्रतिकूल प्रभावों से मनुष्य के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करना है?

*(a)* खतरनाक अपशिष्ट

*(b)* दुर्लोप (सतत) जैविक प्रदूषक (POPs)

*(c)* पारा (पारद)

*(d)* रसायन और पीड़कनाशी (जीवमारक)

**50.** भारत में महिलाओं के प्रवसन (स्थानांतरण) के होने (घटित होने) का सबसे प्रमुख कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

*(a)* रोजगार

*(b)* शिक्षा

*(c)* विवाह

*(d)* व्यवसाय (कार्य)

**45.** Which one of the following statements with regard to the functioning of the Panchayats is ***not*** correct?

(a) Panchayats may levy, collect and appropriate taxes, duties, tolls, etc.

(b) A person who has attained the age of 25 years will be eligible to be a member of a Panchayat.

(c) Every Panchayat shall ordinarily continue for five years from the date of its first meeting.

(d) A Panchayat reconstituted after premature dissolution shall continue only for the remainder of the full period.

**46.** Which one of the following is the earliest launched scheme of the Government of India?

(a) Deendayal Antyodaya Yojana

(b) Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana

(c) Saansad Adarsh Gram Yojana

(d) Deendayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana

**47.** Which of the following statements is ***not*** correct regarding the Members of Parliament Local Area Development Scheme (MPLADS)?

(a) Members of the Parliament (MPs) sanction, execute and complete works under the scheme.

(b) Nominated Members of the Parliament can recommend works for implementation anywhere in the country.

(c) The scheme is fully funded by the Government of India.

(d) The annual entitlement per MP is ₹ 5 crore.

**48.** Saubhagya, a Government of India Scheme, relates to which of the following areas?

(a) Achieving universal household electrification

(b) Providing clean cooking fuel to poor households

(c) Rationalizing subsidies on LPG

(d) Stopping female foeticide

**49.** The 'Basel Convention' is aimed at protecting human health and environment against adverse effects of which of the following?

(a) Hazardous wastes

(b) Persistent Organic Pollutants (POPs)

(c) Mercury

(d) Chemicals and pesticides

**50.** Which one of the following is the biggest cause of incidence of migration of female persons in India?

(a) Employment

(b) Education

(c) Marriage

(d) Business

**51.** रेपो दर (रेट) के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* यह अल्पावधि ऋण (ओवरनाइट लोन) पर केन्द्रीय बैंक (सेन्ट्रल बैंक) द्वारा प्रभारित ब्याज दर है।

*(b)* यह अल्पावधि ऋणग्रहण [ओवरनाइट बॉरोइंग (उधारी)] पर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा चुकायी गयी ब्याज दर है।

*(c)* यह किसी वाणिज्यिक बैंक और केन्द्रीय बैंक के बीच ऋण संविदा में सहमत ब्याज दर है।

*(d)* यह संपार्श्विक प्रतिभूति (सिक्युरिटी) की लागत (खर्च) है।

**52.** नकदी रिज़र्व अनुपात (कैश रिज़र्व रेशियो) किसे निर्दिष्ट करता है?

*(a)* निवल (नेट) माँग और आवधिक देनदारियों (देयताओं) का अंश जो तरल परिसंपत्ति के रूप में बैंकों को रोक रखना (संभालना) होता है

*(b)* निवल माँग और आवधिक देनदारियों का अंश जो आर० बी० आइ० के पास शेष (बैलेंस) के रूप में बैंकों को रोक रखना होता है

*(c)* निवल माँग और आवधिक देनदारियों का अंश जो बैंकों को उनके नकदी रिज़र्व के हिस्से के रूप में रोक रखना होता है

*(d)* नकदी धारित राशि का बैंकों के रिज़र्व के साथ अनुपात

**53.** अर्थशास्त्र में, यदि किसी आरेख में एक रेखा, मूलबिन्दु से गुजरती है तथा दोनों अक्षों के साथ 45° का कोण बनाती है और यह दावा किया गया है कि रेखा के साथ-साथ (समानांतर) $X = Y$ है, तो अकथित रूप से क्या मान लिया गया है?

*(a)* दोनों परिवर्ती (चर) शुद्ध संख्या हैं।

*(b)* दोनों परिवर्ती एकसमान इकाई (यूनिट) में हैं।

*(c)* दोनों परिवर्ती अलग-अलग (भिन्न) इकाइयों में हैं।

*(d)* कम-से-कम एक परिवर्ती एक शुद्ध संख्या है।

**54.** फीफा फुटबॉल अवार्ड, 2019 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार इनमें से किसे प्राप्त हुआ?

*(a)* क्रिश्चियानो रोनाल्डो

*(b)* वर्जिल वान डिक

*(c)* लियोनल मेसी

*(d)* जावी

**55.** सितम्बर 2019 में, निम्नलिखित में से किस बड़ी ट्रैवल कंपनी ने अपने-आप को दिवालिया घोषित किया?

*(a)* एक्सपीडिया

*(b)* कॉक्स ऐंड किंग्स

*(c)* एस० ओ० टी० सी०

*(d)* थॉमस कुक

**56.** ग्रेटा थनबर्ग, एक किशोर पर्यावरण सक्रियतावादी जो हाल ही में समाचारों में थी, कहाँ की रहने वाली है?

*(a)* स्वीडन

*(b)* जर्मनी

*(c)* यू० एस० ए०

*(d)* कनाडा

**57.** हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने, शुरुआत में छः माह की अवधि के लिए, निम्नलिखित में से किस बैंक के खाताधारकों द्वारा धनराशि की निकासी किए जाने पर प्रतिबंध लगाए हैं?

*(a)* इंडसइंड बैंक

*(b)* धनलक्ष्मी बैंक

*(c)* पंजाब ऐंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक

*(d)* साउथ इंडियन बैंक

**51.** Which one of the following is ***not*** correct about Repo rate?

*(a)* It is the interest rate charged by the Central Bank on overnight loan.

*(b)* It is the interest rate paid by the commercial banks on overnight borrowing.

*(c)* It is the interest rate agreed upon in the loan contract between a commercial bank and the Central Bank.

*(d)* It is the cost of collateral security.

**52.** The Cash Reserve Ratio refers to

*(a)* the share of Net Demand and Time Liabilities that banks have to hold as liquid assets

*(b)* the share of Net Demand and Time Liabilities that banks have to hold as balances with the RBI

*(c)* the share of Net Demand and Time Liabilities that banks have to hold as part of their cash reserves

*(d)* the ratio of cash holding to reserves of banks

**53.** In economics, if a diagram has a line passing through the origin and has 45° angle with either axis and it is asserted that along the line $X = Y$, what is tacitly assumed?

*(a)* Both variables are pure numbers.

*(b)* Both variables are in the same unit.

*(c)* Both variables are in different units.

*(d)* At least one variable is a pure number.

**54.** Who among the following won the Best Men's Player Award of FIFA Football Awards, 2019?

*(a)* Cristiano Ronaldo

*(b)* Virgil van Dijk

*(c)* Lionel Messi

*(d)* Xavi

**55.** In September 2019, which one of the following travel giants declared itself bankrupt?

*(a)* Expedia

*(b)* Cox & Kings

*(c)* SOTC

*(d)* Thomas Cook

**56.** Greta Thunberg, a teenaged environment activist who was in news recently, hails from

*(a)* Sweden

*(b)* Germany

*(c)* USA

*(d)* Canada

**57.** Recently the Reserve Bank of India has imposed limitations, initially for a period of six months, on the withdrawal of amount by account holders of which one of the following banks?

*(a)* IndusInd Bank

*(b)* Dhanlaxmi Bank

*(c)* Punjab and Maharashtra Cooperative Bank

*(d)* South Indian Bank

**58.** अमिताभ बच्चन को हाल ही में प्रतिष्ठित दादा साहेब फ़ाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। इनमें से किसने यह पुरस्कार सबसे पहले पाया था?

*(a)* पृथ्वीराज कपूर

*(b)* देविका रानी

*(c)* सोहराब मोदी

*(d)* नौशाद

**59.** प्रसिद्ध मुगल चित्र, जिसमें जहाँगीर को सफ़ाविद (सफ़वी) राजा शाह अब्बास को गले लगाते हुए दर्शाया गया है, इनमें से किस मुगल चित्रकार द्वारा बनाया गया था?

*(a)* अब्द अल-समद

*(b)* अबुल हसन

*(c)* दसवंत

*(d)* बिशनदास

**60.** 'मुगल मनसब' प्रणाली (प्रथा) के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. 'जात' पद शाही सोपान (धर्मतंत्र) में मनसबदार की स्थिति और उसके वेतन का सूचक था।
2. 'सवार' पद घुड़सवारों की उस संख्या का सूचक था जो मनसबदार को रखने होते थे।
3. सत्रहवीं शताब्दी में 1000 अथवा अधिक 'सवार' पद संभाले रखने वाले मनसबदारों को उच्च/नोबल (उमरा) के रूप में पदनाम दिया जाता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

*(a)* कड़प्पा-कर : पथरीली बंजर भूमि

*(b)* नानकेइ : आर्द्र भूमि

*(c)* पनकेइ : शुष्क भूमि

*(d)* टोटाकल : उद्यान भूमि

**62.** निम्नलिखित में से कौन-से शासक मातृनामों (माता के नाम से प्राप्त किए गए नाम) से पहचाने जाते थे?

*(a)* पावा के मल्ल

*(b)* मिथिला के विदेह

*(c)* यौधेय

*(d)* सातवाहन

**63.** 'पंचतंत्र' के प्रसिद्ध मूलपाठ के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* यह एक दार्शनिक मूलपाठ (विषय) है जो समय के वाद-विवादों का प्रतिबिम्बक है और प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोणों का खंडन करता है।

*(b)* यह भाषा-विज्ञान में घोषित किया गया एक मूलपाठ है जो औपचारिक विज्ञान के रूप में है।

*(c)* यह प्राकृतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विकास पर विचार करता हुआ मूलपाठ है।

*(d)* यह दृष्टांतों के माध्यम से दर्शाया गया एक मूलपाठ है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

**58.** Amitabh Bachchan was recently conferred with the prestigious Dada Saheb Phalke Award. Who among the following was the first recipient of the award?

*(a)* Prithviraj Kapoor

*(b)* Devika Rani

*(c)* Sohrab Modi

*(d)* Naushad

**59.** The famous Mughal painting, depicting Jahangir embracing the Safavid king Shah Abbas, was painted by which one of the following Mughal painters?

*(a)* Abd al-Samad

*(b)* Abul Hasan

*(c)* Dasavant

*(d)* Bishandas

**60.** Which of the following statements about 'Mughal Mansab' system are correct?

1. 'Zat' rank was an indicator of a Mansabdar's position in the imperial hierarchy and the salary of the Mansabdar.
2. 'Sawar' rank indicated the number of horsemen the Mansabdar was required to maintain.
3. In the seventeenth century, Mansabdars holding 1000 or above 'Sawar' rank were designated as nobles (Umara).

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**61.** Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched?

*(a)* Kuddapah-kar : Rocky wastelands

*(b)* Nancai : Wet fields

*(c)* Puncai : Dry fields

*(d)* Tottakal : Garden lands

**62.** Which of the following rulers were identified through matronymics (names derived from that of the mother)?

*(a)* Mallas of Pava

*(b)* Videhas of Mithila

*(c)* Yaudheyas

*(d)* Satavahanas

**63.** Which one of the following statements about the famous text of *Panchatantra* is correct?

*(a)* It is a philosophical text reflecting the debates of the time and refuting rival positions.

*(b)* It is a text ushering in linguistics as a formal science.

*(c)* It is a text discussing developments in various spheres of natural sciences.

